## खबर संक्षेप

### कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन एवं पुलिस ने निकाला फ्लैगमार्च

**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोमेश मिश्रा एवं पुलिस बल द्वारा मंगलवार को मंडला जिला मुख्यालय में फ्लैगमार्च निकाला गया। इस मार्च का उद्देश्य आगामी त्यौहारों को शांति और सदभाव के साथ मनाने एवं कानून व्यवस्था कायम रखने का संदेश देना था। जेलघाट से प्रारंभ हुए इस फ्लैगमार्च में शामिल दल ने रानी अवंती बाई स्कूल, जिला चिकित्सालय, उदयचौक, इलाही चौक, पड़ाव वार्ड, चिलमन चौक, बस स्टेंड, लालीपुर चौक का भ्रमण किया। फ्लैगमार्च का समापन थाना कोतवाली में किया गया। इस दौरान एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीओपी श्री पीयूष मिश्रा सहित नगर पुलिस बल एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### रबी उपार्जन संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आगामी रबी उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा बैठक गोलमेज कक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन के पूर्व सभी तैयारियाँ पूर्ण कराएं। ऑनलाईन एंट्री का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। संबंधित अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का सत्यापन करवाएं। साथ ही साथ वहां उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का स्वयं निरीक्षण करें। केन्द्रवार सुपरविजन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाएं। किसानों के पंजीयन के संबंध में उन्होंने निर्देशित किया कि पंजीयन कार्य की स्थिति निराशाजनक है इसमें प्रगति लाएं। किसानों को इसके लिए जागरूक करें। पंजीयन कार्य के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। उपार्जन के दौरान बारदाने एवं भंडारण की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए शीतल पेयजल, छाया, शौचालय आदि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर जेपी यादव, उपसंचालक कृषि श्रीमती मधु अली सहित संबंधित उपस्थित थे।

## 2016 से निरंतर जारी है वैदिक होलिका दहन

# पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल

*** लकड़ी के स्थान पर कण्डों का किया जाता उपयोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आदिवासी बहुल जिला मंडला में वैदिक परिवार मंडला द्वारा 2016 से निरंतर वैदिक होलिका दहन का आयोजन किया जा रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक परंपराओं के समन्वय की एक मिसाल बन चुका है। इस वर्ष भी दिनांक 13 मार्च 2025 को रात्रि 10 बजे 5000 कंडों से वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार होलिका दहन किया जाएगा।



### परंपरा और पर्यावरण के संगम की प्रेरणादायक पहल

परंपरागत रूप से होलिका दहन में लकड़ी का उपयोग किया जाता है, जिससे वनों की कटाई और वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ती है। लेकिन वैदिक परिवार मंडला ने इस समस्या का समाधान निकालते हुए 2016 से गोबर के कंडों का उपयोग शुरू किया। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी पवित्र माना जाता है।

इस पहल में शहरवासियों की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रहती है। लोग स्वेच्छा से कंडों का सहयोग करते हैं और आयोजन को सफल बनाते हैं। वैदिक परिवार मंडला की यह अनूठी सोच पूरे जिले के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो यह दर्शाती है कि परंपराओं को निभाते हुए भी हम प्रकृति का संरक्षण कर सकते हैं।

इस आयोजन से यह संदेश जाता है कि सही सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर हम अपने धार्मिक आयोजनों को पर्यावरण हितैषी बना सकते हैं। मंडला में जारी यह वैदिक होलिका दहन आने वाले वर्षों में और भी व्यापक स्तर पर मनाने की योजना बनाई जा रही है, जिससे इसे देशभर में अपनाया जा सके।

**कपिल वर्मा**

वैदिक परिवार मंडला द्वारा किया गया यह ऐतिहासिक प्रयास केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित भविष्य देने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। लकड़ी की जगह कंडों का उपयोग न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ता है। यह पहल यह साबित करती है कि परंपराओं को निभाते हुए भी हम आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल समाधान अपना सकते हैं। पूरे देश को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।

**प्रसन्न सराफ**

वैदिक होलिका दहन का यह अनूठा प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लकड़ी की तुलना में कंडों से होलिका दहन करने से न केवल प्रदूषण कम होता है, बल्कि धार्मिक परंपराओं का भी पालन किया जाता है। यह पहल पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक है।

**रूपेश इसरानी**

वैदिक परिवार मंडला द्वारा शुरू किया गया यह अभियान समाज में जागरूकता लाने का कार्य कर रहा है। हम सबका दायित्व है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए अपनी परंपराओं का पालन करें। 5000 कंडों से होलिका दहन करना एक ऐतिहासिक कदम है, जिसे सभी को अपनाना चाहिए।

**04. आनंद चौरसिया**

मंडला में वैदिक होलिका दहन की यह पहल न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी लाभदायक है। यह देखना सुखद है कि लोग इस विचार को समर्थन दे रहे हैं और एक स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं।









## माँ नर्मदा की महाआरती से किया पदभार ग्रहण



*** मनोज बनें विहिप अध्यक्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विश्व हिन्दू परिषद की दो दिवसीय प्रांत बैठक जबलपुर के सिहौरा में बीते दिनों सम्पन्न हुई। इस बैठक में विश्व हिन्दू परिषद मंडला के लिए जिला अध्यक्ष पद की घोषणा की गई। यहां पर प्रांत मंत्री उमेश माधव मिश्र ने जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज फागवानी को विश्व हिन्दू परिषद मंडला का जिला अध्यक्ष घोषित किया। नियुक्ति की सूचना जैसे ही जिले के कार्यकर्ताओं को मिली तो उन्होंने जमकर आतिबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। वहीं नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने सोमवार को महिष्मति घाट में संध्याकालीन पंचचौकी महाआरती में पहुंचकर मां नर्मदा की महाआरती की और आर्शीवाद लेते हुए पद भार ग्रहण किया। इस दौरान यहां पर आतिशबाजी की गई। पंचचौकी महाआरती का आयोजन अमृता चौंक, रेवा चौक, नर्मदा चौक, शांकरी चौक और मेकलसुता चौक में संपन्न हुआ। माहिष्मती घाट में अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, श्रृद्धालु, पत्रकार और नागरिकगणों ने पंचचौकी महाआरती में सहभागिता की। इस अवसर पर नर्मदा अष्टक गान पदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे नर्मदा जी की आरती उतारी गई इसके बाद ऊँ जय जगदा नंदी आरती गाया गया। जय-जय नर्मदे, हर-हर गंगे, जय राधेकृष्णा, जय श्री राम और जय-जयकार किया गया। आरती समापन के बाद कार्यक्रम स्थल में प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और हिन्दूत्व विचार धारा को लेकर मजबूती से काम किया जाएगा। हर घर भगवा ध्वज की स्थापना के साथ धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों का वृहद आयोजन प्राथमिकता होगी वहीं मंदिरों का जीर्णोद्वार के साथ हर मंदिरों में भजन संध्या किया जाए। साथ ही विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को शत प्रतिशत पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार भी व्यक्त किया गया है।

### समर्पण निधि अभियान का समय पूर्व लक्ष्य पूर्ण करें

**भुआबिछिया।** भाजपा मंडल बिछिया में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने पार्टी की आजीवन समर्पण निधि संग्रह कार्य की समीक्षा बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कार्यकर्ताओं के घर घर जाकर समर्पण निधि का आग्रह कर राशि जमा कराई। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी रहे डॉ. विजय आनंद मरावी, जिला महामंत्री समर्पण निधि अभियान जिला प्रभारी उमेश ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखिल सिहारे, मंडल बिछिया नीरज भट्ट सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया अजेय मंडला पत्रिका के पांचवें प्रकाशन का विमोचन



**मण्डला।** अजेय मंडला पत्रिका के संस्थापक एवं बीएसवीपी अध्यक्ष डॉ अजय कुमार वंशकार ने बताया अजेय मंडला पत्रिका का कार्य मंडला की जिले की विशेषता यहां की उपलब्धियां पर्यटन स्थल धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल मंडला के जंगल की वनस्पति का महत्व यहां की जनजाति संस्कृति गोंड़ी कला नृत्य परंपरा और समाज सेवा के क्षेत्र में जो लगातार अपना योगदान देते आ रहे हैं ऐसे व्यक्तियों का जीवन परिचय महापुरुषों का जीवन परिचय व्यक्तियों के स्वतंत्र साकारात्मक विचार को भी जन जन तक पहुंचाने का कार्य अजेय मंडला पत्रिका मंडला जिले के आलावा भी मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों पर कर रहा है। और यही कार्य लगातार करता रहेगा और मंडला जिले की विशेषता और मंडला की खूबसूरती मध्यप्रदेश के आलावा अन्य प्रदेशों में भी पहुंचाएगा। पत्रिका विमोचन के उपरांत केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार और अजेय मंडला पत्रिका के कार्य की सराहना की और पत्रिका प्रकाशन की शुभकामना सभी सदस्यों दी।

## बजट को लेकर क्या कहते हैं कांग्रेसी विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



म.प्र. सरकार का पिछला बजट निराशा और हताशा से भरा बजट था। किसानों को धान का 3100 रूपए और गेंहू का 2700 रूपए के समर्थन मूल्य देने का प्रावधान पिछले बजट में नहीं था वहीं लाडली बहनो को 3000 रूपये की मासिक आर्थिक सहायता देने की बात भी नहीं थी। युवाओं के लिए नौकरियां नहीं थीं और न ही सड़क बिजली पानी स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार के क्षेत्र में सरकार द्वारा की गई घोषणाओं का कोई काम था। आदिवासियों के लिए 3 लाख करोड़ की राशि खर्च करने की इनकी घोषणा थी जो आज दूसरा बजट आते आते भी कहीं दिखाई नहीं देती। सभी आदिवासी ब्लॉक में आईटीआई, कला भवन, मनरेगा से 150 दिन का रोजगार, एकलव्य विद्यालय, 100 रूपए में 100 यूनिट बिजली, माइनर फारेस्ट प्रोड्स प्रोसेसिंग यूनिट, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए रानी दुर्गावती प्रशिक्षण अकादमी शुरू करने की बात कही गई थी जो आज इस दूसरे बजट के आते तक भी कहीं नहीं हैं। हालात तो ये हैं कि सरकार ने पिछले बजट में मंडला जिले की जिन सड़कों की स्वीकृति दी थी उनकी राशि आजतक जारी नहीं की है।

इस बजट को लेकर आम जनता काफी उम्मीदें लगाए हुए है लेकिन सरकार की मंशा जनता को राहत देने की दिखाई नहीं दे रही है। इतिहास में पहली बार मात्र 9 दिन का बजट सत्र आयोजित हो रहा है जिससे यह स्पष्ट है कि सरकार जनता के मुद्दों जनता की मांगो और उम्मीदों पर न तो काम करना चाहती है और न ही चर्चा करना चाहती है।

## आयुष्मान वर्मा एवं सोनाली सिंगरोली ने एनएसएस के राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला के स्वयंसेवक आयुष्मान ओर सोनाली ने राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। यह शिविर मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम के अंतर्गत यह शिविर 02 से 08 मार्च तक जिला अनूपपुर के अमरकंटक नगर में संपन्न हुआ। इस शिविर में स्वयंसेवकों को सामाजिक जागरूकता, नेतृत्व कौशल और डिजिटल साक्षरता जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। आयुष्मान एवं सोनाली ने इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे महाविद्यालय का गौरव बढ़ा। 11 मार्च को महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयंसेवकों को उनकी उपलब्धि की सराहना की। प्रो. अरविंद ठाकुर सर ने कहा कि इनकी सफलता से न केवल इनका आत्मविश्वास बढ़ा बल्कि महाविद्यालय का नाम भी रोशन हुआ। उन्होंने महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी स्वयंसेवकों से इस उपलब्धि से प्रेरणा लेने और समाज सेवा में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। यह प्रशिक्षण स्वयंसेवकों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो उन्हें अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। आयुष्मान एवं सोनाली ने स्वयंसेवकों के साथ अपने अनुभव साझा किया।

**उपलब्धि** | **33 दिनों तक विशेषज्ञों की देखरेख में किया गया उपचार**

# शिशु चिकित्सा इकाई में बचाई गई शिशु की जान

*** स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने से पूर्व रास्ते में हुआ था प्रसव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला चिकित्सालय मंडला की गहन शिशु चिकित्सा इकाई में पिछली एक फरवरी से भर्ती नवजात शिशु को पूर्ण स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। 33 दिनों तक विशेषज्ञ देखरेख में किए गए सघन उपचार के द्वारा शिशु की जीवनरक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केसी सरौते ने बताया कि मवई विकासखंड के ग्राम खैरी निवासी बलराम मरावी की पत्नि अंजना का प्रसव एक फरवरी को घर से स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचने के पूर्व रास्ते में हो गया था। जन्म के समय शिशु का वजन मात्र एक किलोग्राम था, शिशु ठीक से सांस नहीं ले पा रहा था तथा





स्तनपान करने में भी सक्षम नहीं था। गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने बताया कि नवजात गहन शिशु चिकित्सा इकाई में 6 माह तक के गंभीर शिशुओं को भर्ती कराया जाता है, जहाँ प्रशिक्षित विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टॉफ द्वारा डेवलपमेंटल सपोर्टिव केयर तकनीक का इस्तेमाल करते हुए उपचार किया जाता है। धात्री माताओं को शिशुओं को स्तनपान कराने, गर्म कपड़े से लपेटने तथा संक्रमण से बचाने जैसे तरीकों के बारे में परामर्श दिया जाता है। गहन शिशु चिकित्सा इकाई प्रभारी डॉ. अंकित चौरसिया ने जानकारी दी कि भर्ती किए गए शिशु की स्थिति काफी गंभीर थी। लगातार उसके स्वास्थ्य पर निगरानी रखी गई। शिशु को नली से फीड कराया गया। ऑक्सीजन लेवल और पल्स की लगातार निगरानी की गई। सतत उपचार के बाद 6 मार्च को स्वस्थ होने पर शिशु को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बच्चे के पिता बलराम मरावी ने बताया कि जिला चिकित्सालय की पूरी मेडीकल टीम द्वारा बहुत अच्छा उपचार किया गया। हमें डॉक्टर एवं नर्स द्वारा समय-समय पर समुचित जानकारी दी गई। चिकित्सालय के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ के मधुर व्यवहार से हमें प्रसन्नता हुई। मैं समस्त मेडीकल टीम को धन्यवाद देता हूँ।

## इनर व्हील क्लब मंडला ने चलाया सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़े के अंतर्गत इनर व्हील क्लब ऑफ मंडला द्वारा महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कैंसर महिलाओं में चौथा सबसे आम कैंसर है, लेकिन प्रभावी प्राथमिक (एचपीवी टीकाकरण) और द्वितीयक रोकथाम दृष्टिकोण से अधिकांश मामलों को रोका जा सकता है।

### सामूहिक पदयात्रा के माध्यम से जागरूकता

इस अभियान के अंतर्गत क्लब द्वारा एक सामूहिक सर्वाइकल कैंसर जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ और क्लब सदस्य डॉ. नृपिका पथरिया ने पदयात्रा में भाग लिया और महिलाओं को कैंसर से बचाव व जागरूकता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। क्लब के सदस्यों ने शहर में जनसंपर्क कर कैंसर जागरूकता से संबंधित प्रचार पत्र भी वितरित किए।



### क्लब अध्यक्ष और सदस्यों की सक्रिय भागीदारी

इस आयोजन में क्लब अध्यक्ष मोना जैन, सचिव श्रद्धा तपा, तथा अन्य सदस्य—सरिता इसरानी, सीमा ज्योतिषी, आरती ब्रजपुरिया, रूबी तपा, अनुराधा चौरसिया, दीपा खंडेलवाल, डॉ. नृपिका पथरिया, अनीता चंद्रोल, प्रिया पमनानी, किरण पमनानी, त्रिवेणी पटेल, तृप्ति गोयल, गीता कल्पिवार, जया सराफ, सीमा अग्रवाल, डॉ. अंजू मरावी, कमला बानी और अनीता राय—ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इनर व्हील क्लब, जो एक अंतर्राष्ट्रीय महिला संगठन है, का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा, दोस्ती और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। इसी विचारधारा के तहत क्लब के सदस्य अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर तन, मन और धन से इस संस्था में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया, जिससे वे अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा सकें। इनर व्हील क्लब मंडला का यह प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## खबर संक्षेप

### विकास खंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा किया गया केन्द्र का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** विकास खंड चीचली उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा पांचवी एवं आठवीं की अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य विगत तीन दिवस से सतत रूप से जारी है। इस मूल्यांकन कार्य हेतु उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य भूपेश ठाकुर को मूल्यांकन केंद्र अधिकारी तथा सत्यम ताम्रकार एवं हरिशंकर यूईके को प्राथमिक तथा माध्यमिक विभाग हेतु सहायक मूल्यांकन केंद्र अधिकारी नियुक्त किया गया है। कक्षा पाँचवी तथा कक्षा आठवीं के लिए विषयवार मुख्य परीक्षक एवं मूल्यांकनकर्ताओं की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा स्ट्रांग रूम प्रभारी तथा डाटा एंट्री कार्य हेतु पृथक पृथक कर्मचारियों को दायित्व निर्वहन दिया गया है। बीते दिवस विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटैल द्वारा इस मूल्यांकन कार्य का अचानक पहुंचकर निरीक्षण कर मूल्यांकनकर्ताओं को मूल्यांकन कार्य से संबंधित लोगों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये।

### होली के रंगों की बौछार के बीच शिवजी की आराधना में डूबे नगरीवासी

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** वैसे भी देखा जावे तो दादा धूनी वालों की नगर सांईखेड़ा में दादाजी का धाम होने के चलते जहां आये दिन धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई देखी जाती है। क्योंकि दादा के भक्तों का यहां पर आये दिन दूर दूर से आने के चलते लोग धर्म की गंगा में गोता लगाते हुये तो देखे ही जाते है। मगर इस बार होली के रंगों की बौछार के बीच लोग शिवजी की आराधना में डूबने से नही चूकेगे। क्योंकि आने वाले 15 मार्च से शुरू हो रहे शिव महापुराण के आयोजन की तैयारिया बड़े ही जोरो पर चलते हुये देखी जा रही है। बताया जाता है कि श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 15 मार्च 17 मार्च तक यानि की तीन दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन श्री श्री 1008 श्री दादा दरबार रोड पर किया जा रहा है। वही इस आयोजन में कथा वाचक के रूप में कृष्णा प्रिया श्रीधाम वृदावन से पधार रही है। वह प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक शिवजी की लीलाओं का वर्णन सुनायेगी। फोटो क्रमांक - 7 कथा वाचक कृष्णा प्रिया, फोटो क्रमांक - 8 होली खेलते हुये शिवजी व माता पार्वतीजी।

### पानी के लिये भटकते हुये दिखाई देने लगे आमजन

**गाडरवारा।** इस समय देखने मिल रहा है कि जहां अनेक गांवों में बिजली की अघोषित हो रहे कटौती के चलत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी को लेकर भटकरने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि गांवों में शासन द्वारा लगाये गये हेण्ड पंपों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि गर्मी आने के पहले ही उनका जल स्तर नीचे की ओर गिर जाने के कारण वह पानी की जगह हवा उगलते हुये देखे जा रहा है। वही दूसरी ओर जहां पर हेण्ड पंप सही सलामत है तो वहां पर गांव के ही प्रभावशालियों द्वारा इन शासकीय हेण्ड पंपों में अपनी निजी मोटर डालते हुये उन पर कब्जा करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। जिसके चलते इन प्रभावशालियों द्वारा शासकीय हेड पंपों में डाली गई मोटरों के चलते जहां वह अपने निजी कामों में उपयोग करते हुये अपने घर के वाडो में सब्जी पैदा करते हुये देखे जा रहे है..? मगर आम गरीब ग्रामीणजन दो दो बूंद पानी के लिये भटकने के लिये मजबूर होने से नही चूक पा रहे है। इस प्रकार की सच्चाई को लेकर आये दिन प्रशासन को अवगत कराये जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा इस प्रकार से शासकीय हेंड पंपों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही नही किये जाने का परिणाम है कि उनके हौसले लगतार बुलंद होने से नही चूक पाते है जिसके चलते क्षेत्र के अनेक गांवों में आज भी जहां तहां शासकीय हेंड पंपों में निजी मोटर डली हुई आसानी से देखी जा सकती है। यदि इस सच्चाई कुछ ज्यादा ही उजागर होने लगती है तो संबंधित विभाग द्वारा इन प्रभावशालियों को संरक्षण देते हुये उनके द्वारा डाली गई।

# राख ढोने वाले भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी के चलते बेन्टीनेटर पर पहुंचते हुये दिखाई दे रहा नगर के शक्कर नदी का पुल, एनटीपीसी की स्थापना सत्ताधारियों को साबित हो रही बरदान, तो जनता के लिये बन कर रह गई अभिशाप...






**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

जब क्षेत्र में किसी बड़े उद्योग की स्थापना होती है तो लोगों को उम्मीद रहती है कि निश्चित तौर से क्षेत्र में विकास कार्यो के चलते सूरत बदल जावेगी। मगर गाडरवारा क्षेत्र में स्थापित हुये एनटीपीसी पावर प्लांट से विकास होते तो कही दिखाई नही दे रहा है उल्टे विनास की सच्चाई जरूर दिखाई देने से नही चूक रही है। सही मायने में देखा जावे तो एनटीपीसी प्लांट सत्ताधारियों के लिये जहां इस समय बरदान साबित होने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर आम जनता के लिये अभिशाप बनकर रह गया है..? सच्चाई पर नजर डाली जावे तो एनटीपीसी से राख परिवहन करने वाले वाहनों से जहां आये दिन क्षेत्र की सड़को पर खून की नदिया बहते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी आमजन के लिये उपयोग के लिये बनाई गई सड़को के फरखच्चे उड़ने से भी नही चूक रहे है..? यह बात अलग है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा इस समय गांव गांव पक्की सड़कों का निर्माण कराते हुए हर साल करोड़ा रूपया खर्च करते हुए लोगों को पक्की सड़कों की सुविधाएं प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ रही है तो दूसरी ओर गाडरवारा क्षेत्र में भी लगातार विकास की गंगा बहते हुये देखे जाने के बाद भी क्षेत्र के पुलों की दुर्दशा को नजर अंदाज करना निश्चित तौर से अनेक सबालों को जन्म देते हुये जान पड़ रहा है? इस तरह अपनी क्षमता से अधिक भार लेकर दौड़ रहे राख लेकर दौड़ रहे डम्फरों के चलते जहां सड़को से लेकर पुल खस्ता हाल स्थिति में पहुंच रहे । वही दूसरी ओर पुलों की अनदेखी किसी दिन बड़ी घटना का कारण बनने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदारों की उदासीनता का परिणाम है कि गाडरवारा से कौड़िया की ओर जाने वाले शक्कर नदी पुल सहित चीचली के पास सीतारेवा नदी पर बने हुए पुल की जिन्दगी इस समय पूर्ण रूप से बेन्टीनेटर पर दिखाई देने के बाद भी जिम्मेदारों की चप्पी सबाल खड़े करने से नही चूक रही है? कुछ इसी प्रकार का हाल मात्र चंद वर्ष पहले निर्मित हुये सुदरास से एनटीपीसी की ओर जाने वाले मार्ग पर सीतारेवा नदी के नव निर्मित पुल की दिखाई देने लगी है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इन पुलों की ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही देना सरकार के संपूर्ण विकास कार्यो पर प्रशन चिन्ह लगाने से नही चूक रहा है? इस संबंध में बताया जाता है कि हमारे शहर को प्रदेश की संस्कार धानी की ओर ले जाने वाले तथा राजधानी को प्रदेश के मा.उच्च न्यायलय नगर से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर बने हुए गाडरवारा शक्कर नदी पुल की स्थिति इन दिनों लगातार खराब होती चली जा रही है। मगर इस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम यह है कि अब इस पुल से वाहन निकालने में भी आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? ज्ञात हो कि इस पुल का निर्माण आज से लगभग 40 वर्ष पूर्व उस समय 28 लाख रूपया की लागत से हुआ था, जिसका लोकापर्ण 28 अप्रेल 1972 को प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश चंद्र सेठी द्वारा किया गया था, यदि उस समय शासन द्वारा लगाई गई राशि का वर्तमान स्थिति की लागत पर जोड किया जावे तो कई करोड़ो में मना जावेगा, जिसके चलते शहर की जीवन रेखा माने जाने वाली शक्कर नदी पर बने हुए इस पुल का क्षेत्र की जनता बीते हुए लगभग 40 वर्षो से भी अधिक समय से उपयोग करते हुए खुशहाल बनी हुई है। मगर क्षेत्र में लगातार लग रहे बड़े बड़े उद्योगों सहित लगातार बढ़ रहे सड़कों पर यातायात के दवाब के बाद इस पुल से प्रति दिन हजारों की संख्या में भारी भरकम डम्फरो सहित अन्य वाहन निकलते है जिसमें निकलने वाले वाहनों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक इस प्रकार के भारी वाहन भी निकल रहे है जिनकी शायद पुल के निर्माण के समय कल्पना भी नही की गई होगी तब कभी इतने बड़े वाहनों का भी इस पुल से निकलना होगा? इस प्रकार से क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे यातायात के दवाब के चलते जहां पुल की स्थिति लगातार खराब होती चली जा रही है। वही दूसरी ओर पुल की ओर प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिये जाने का परिणाम तो वर्तमान में इस तरह देखने मिल रहा है कि पुल के ऊपर निकले हुये गड्डो से सीधे शक्कर नदी में पड़ी हुई रेत के दर्शन तो करा ही रहे है साथ ही साथ वाहन चालकों द्वारा पुल के ऊपर से वाहन निकालने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है...? बताया जाता है कि शुरूआती तौर पर पुल में निकले हुए छोटे छोटे गड्डो की ओर संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नही दिया गया जिसका परिणाम है कि उन गड्डो ने अब अपना बड़ा रूप धारण कर लिया गया है और वह अब लगातार अपना रूप से सुरसा के समान बड़ा करते हुए दिखाई देने से नही चूक रहे है...? इस प्रकार से प्रशासन की अनदेखी के चलते जहां इस पुल की स्थिति बेन्टीनेटर पर पहुंचने के समान महसूस होने लगी है और यदि समय रहते हुये इस पुल के उचित सुधार की ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित तौर से यहां पर बड़ा हादसा होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ चीचली से रायपुर की ओर जाने वाले सीतारेवा नदी पर बने हुए पुल की दिखाई दे रही हो जिसके ऊपर से कुछ वर्ष पहले तक जिस तरह एनटीपीसी सहित अन्य विभागों के बड़े बडे वाहनों की लगातार धमाचौकड़ी मचाई गई थी उसके चलते इस पुल की स्थिति इस प्रकार से जर्जर हो चुकी है कि पुल के निर्माण के दौरान उपयोग की गई लोहे की राडे भी अब ऊपर निकलकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए खुला आमंत्रण करते हुए दिखाई देने देने से नही चूक रही है? ज्ञात हो कि इस पुल से इस क्षेत्र के लगभग 30 गांवो के लोगों का आना जाना लगा रहता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई की सच्चाई मात्र चंद वर्ष पहले निर्मित हुये सुदरास मार्ग से होते हुये एनटीपीसी के नवनिर्मित सड़क मार्ग की सीतारेवा नदी पर बने हुये नवनिर्मित पुल का हाल देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि इस पुल को बने हुये पुल के बीचों बीच गड्डे निकलना शुरू हो गया है उसके चलते निश्चित ही पुल का निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा पुल निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता की कहानी को उजागर करने से नही चूक रही है? इस प्रकार से नवनिर्मित पुल की जहां पैदल चलने के लिये बनाई गई पट्टी अनेक जगहों से खुदते हुये दिखाई दे रही है तथा पुल में भी कुछ जगहों पर दरारे नजर आने लगी है। यदि इस नव निर्मित पुल की निष्ठावान अधिकारियों द्वारा निर्माण के दौरान अपनाई गई गुणवत्ता की सूक्षमता के साथ जांच की जावे तो चौकाने वाली सच्चाई सामने आने से नही चूक पायेगी कि आखिरकार पुलिस का निर्माण किस गुणवत्ता के साथ किया गया है?

## निर्माण सामग्री की कीमतें बढ़नें से टूट रहे आशियाने बनाने के सपने, स्टील के भाव बिक रहा लोहा

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** कोई भी सरकार लाख दावा करें किन्तु हकीकत यह है कि वर्तमान में भीषण महॅगाई की रोकथाम न होने की हालत में आम आदमी की कमर इतनी अधिक तोड़ दी है कि वह आह भरने में भी असमर्थ हो गया। परिवारजनों की आवश्यकताएँ पूरी करने में तो लोगों की सांसें ऊपर नीचे हो रही है, इसके अलावा मध्यवर्गी, गरीब व्यक्तियों के लिए छोटे से आशियाने का निर्माण करना इसलिए मुश्किल हो रहा है। क्योंकि मकानों की निर्माण सामग्री के दाम दिनोंदिन बढ़ते चले जा रहे है। आशियाने के सपनें को पूरा करने में असफल शहर के बाशिन्दो ने हरिभूमि को बताया कि मकान बनाना बुरे ख्बाब के समान हो गया है, सीमेन्ट, रेत, मिट्टी की कीमतें सोने के समान तेजी से बढ़ रही है, लोहे के दाम काफी हद तक महगांई में झूल रहे है, पीली मिट्टी के दाम बढ़नें से भी परेशानी हो रही है। उन्होने बताया कि भवन निर्माण सामग्री में इन दिनो सबसे तेज दौड़ सीमेन्ट लगा रहा है, एक बोरी सीमेन्ट जहां पिछले वर्ष 200 रू. से 400 रू. बोरी तक बिक रहा था, वह अब 300 रू. से 500 रूपया में बिक रहा है। इसी तरह ईट का भी हाल देखने मिल रहा है। क्षेत्र में ईट के भट्टो की संख्या बढ़नें के बावजूद आलम यह है कि 1500 र्इंट पांच से लेकर छः हजार रूपए से ऊपर में मिल रही है, जिसके चलते माध्यमवर्गीय लोगों का कहना है कि अपने आशियाने के सपने पर ग्रहण लगने से खासतौर से शहर के वे गरीब दिक्कत में आ गए है, जिनके पास या तो स्वयं के घर नही अथवा जिनके वर्षो पुराने कच्चे मकान ध्वस्त होते चले जा रहे है, यह बात अलग है कि कहने को तो सरकार द्वारा लोगों को पक्के मकान बनाकर प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत प्रदान किये जा रहे है। मगर यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्णरूप से भाई भतीजावाद की शिकार होकर रहे गई है जिसके चलते अनेक पात्र हितग्राही इस योजना से बंचित होते हुए दिखाई दे रही है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से निर्माण सामग्री की कीमत बढ़ने से उद्धेलित लोंगो का कहना है कि परिवहन का चार्ज बढ़ने से इमारती लकड़ी से लेकर मकानो की निर्माण सामग्री की कीमतें आसमान छू रही है। ऐसी स्थिति में जाहिर है मजदूरों के रेट में भी वृद्धि हो रही है, निर्माण सामग्री महंगी होने से व्यापारी, ठेकेदार और रेत के कारोबार से जुड़े काथित रहनुमा तो मजे कर रहे है पर आवासहीनो का खुद के घर का अरमान चूर चूर होता चला जा रहा है।

# होली त्यौहार शांति पूर्वक मनाने के लिये सांईखेड़ा थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक, सालीचौका पुलिस ने प्लैग मार्च निकालते हुये किया भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**




रंगों से भरा हुआ होली त्यौहार इस तरह से होता है कि लोग अपनी मर्यादाओं भूलने में कोई कसर नही छोड़ते है। इसी के चलते पुलिस प्रशासन के लिये होली त्यौहार एक चुनौती के समान साबित होने से नही चूकता है..? क्योंकि इस समय क्षेत्र में आये दिन घटित हो रही अनेक प्रकार की घटनाओं के बीच पड़ रहे होली त्यौहार के बीच एक अनोखा संगम बनते हुये देखा जा रहा है। जिले में मासूम बेटियों के साथ लगातार हो रही घटनाओं के कारण जहां लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश फैलने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर अपराधियों पर अंकुश लगाने में असफल हो रही पुलिस के चलते जिला स्तर पर बैठे हुये जिम्मेदार अधिकारियों की कार्य कुशला कटघरे में आने से नही चूक रही है? इस तरह पुलिस के प्रति लोगों में बन रहे आक्रोश के बीच पड़ रही होली पुलिस व प्रशासन के लिये एक चुनौती के समान दिखाई देने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर मुस्लिम भाईयों का रमजान माह व होली त्यौहार एक साथ होने के चलते निश्चित तौर से व्यवस्थाओं को बनाना जहां पुलिस के चुनौती दिखाई दे रही है। इस तरह होली के बीच रमजान माह का संगम के चलते पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाने की व्यवस्थाओं में जुटीं हुई देखी जा रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जहां पुलिस प्रशासन अभी से पूर्णतः अलर्ट मूड में नजर आने लगा है। वही दूसरी ओर गाडरवारा अनुविभाग के अंतर्गत सभी पुलिस थानों से लेकर पुलिस चौकियों में शांति समिति की बैठको का आयोजन करते हुये लोगों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किये जा रहे है। इसी के चलते सोमवार को नगर के पुलिस थाना प्रागंण में थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के गणमान्य लोगों के आलवा शासकीय विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण भी मौजूद रहे। होली का त्यौहार शांति पूर्वक मनाने को लेकर आयोजित बैठक में अनेक मुद्दो पर चर्चा करते हुये शांति पूर्वक होली त्यौहार मनाने की बात कही गई। इस बैठक में अधिकारियों ने कहा कि इस नगर में शांति, आपसी सौहार्द, सदभाव एवं एकता की गौरवशाली परंपरा रही है। वही होलिका दहन में लकड़ी की अपेक्षा गोबर के कंडे व गौकाष्ठ का उपयोग करने पर जोर दिया। बैठक में नागरिकों से अपील की कि नगर जिस तरह शांति, सद्भाव एवं एकता की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप जिसके चलते आगामी होली, रंगपंचमी सहित सभी त्यौहार मिल-जुलकर आपसी भाईचारे के साथ मनाये जायें। बैठक में कुछ लोगों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इन पर अमल का भरोसा अधिकारियों द्वारा दिया गया। वही बैठक में निर्णय लिये गये कि में होलिका ऐसे स्थान पर रखी जाये, जहां आवागमन प्रभावित नहीं हो। होलिका दहन रात्रि 10 बजे तक करा लिया जाये। होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया जाये। विद्युत तारों/ टेलीफोन लाइन के नीचे होलिका न रखी जाये और मुख्य रूप से डामर व सीसी रोड पर होलिका दहन नहीं हो क्योंकि जिस सड़क पर होलिका दहन होता है वह सड़क बाद में खराब हो जाती है जिससे हम सभी लोगों को परेशान होना पड़ता है। वही दूसरी ओर आने वाले होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुये सालीचौका पुलिस द्वारा नगर में प्लैग मार्च करते हुये सड़को पर भ्रमण करते हुये लोगों को पुलिस की मौजदूगी का अहसास कराया गया।

# कौड़िया क्षेत्र के आस-पास अनेक गांवों में अपराधों की घनघोर बारिश, गांव गांव चल रहे शराब के अवैध कारोबार, नये अपराध ले रहे जन्म




**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।**

वैसे देखा जावे तो इस वर्ष लगातार मौसम के बनने बिगडने के चलते जहां क्षेत्र के किसान व आमजन परेशान होते हुए देखे जा रहे है तो दूसरी ओर लोगों को अनेक प्रकार की बीमारियाँ अपनी गिरप्त में लेने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों की सच्चाई को देखते हुए जान पड़ता है कि उन्हें न तो बारिश होने से कोई अंतर पड़ता है और नही ठंड के मौमस में गर्मी के शुरू होने के कोई असर पड़ता है। वही दूसरी ओर जिले में जिस तरह की घटनाये सामने आते हुये देखने मिल रही है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि मानों अब प्रशासन नाम की कोई चीज नही बची है और अपराध करने वालों के दिलों से पुलिस का खौफ पूर्णरूप से समाते हो चुका है। क्योंकि अपराधिक पृष्टभूमि से जुटे हुये लोग जब नेताओं की मंचों की शोभा पढ़ाते हुये देखे जावे तो इस तरह की स्थिति बनना कोई बड़ी बात नही कही जा सकती है..? इसी के चलते इस समय क्षेत्र के गांवों में घटित होने वाली अपराधिक घटनाओं के चलते लोगों में लगातार दहशत की स्थिति देखने मिल रही है। गौर किया जावे तो अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों में पुलिस का खौफ गायब होने से कई तरह के अपराधों के बादल क्षेत्र में इस समय जिस प्रकार से गरज चमक के साथ जमकर इतने अधिक बरस रहे हैं कि समूचा संपूर्ण क्षेत्र अपराधों के कीचड़ की दलदल में डूबता चला जा रहा है..? बताया जाता है कि परदे के पीछे से प्रशासन की उदासीनता के चलते जहां सट्टे का अवैध कारोबार शबाब पर देखा जा रहा है तो वही दूसरी ओर क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार चल रहा है उसकी चपेट में आसानी से युवा वर्ग आने के कारण वह अपराध की ओर कदम बढ़ाने से नही चूक रहा है? क्योंकि क्षेत्र के गांवों में आसानी से मिल रही शराब की सच्चाई पर यदि गौर किया जावे तो अब शासन द्वारा गांव गांव शराब के ठेके तो खोले ही नही है और गांवों में जिस प्रकार से शराब का अवैध कारोबार चल रहा है वह पूर्णरूप से अवैध कारोबार ही कहा जा सकता है और इस अवैध कारोबार को संचालन करने वालों को जब तक किसी शराब ठेकेदार का संरक्षण व पुलिस प्रशासन की सहमति नही होती है तब तक गांवों में इस प्रकार का कारोबार चल पाना संभव हो ही नही सकता है? इस प्रकार से गांव गांव बिक रही अवैध शराब के चलते युवा पीढ़ी इसकी गिरप्त में देखी जा रही है। वही दूसरी ओर स्थिति तो अब इस प्रकार से बनने लगी है कि दबे हुये पांवो से स्मैक का कारोबार भी इस क्षेत्र में अपने पैर जमाने में कोई कसर नही छोड़ रहा है? क्योंकि पूर्व के समय में पुलिस द्वारा बरती गई सख्ती का परिणाम है कि इस सफेद पावडर का कारोबार इस क्षेत्र में पूर्णरूप से समाप्ति की ओर आ चुका था। मगर पुलिस प्रशासन की उदासीनता कही जावे या फिर प्रभावशालियों की संरक्षण जिसके चलते अब इस अवैध कारोबार ने अपने पैर जमाना शुरू कर दिया गया है जिसका परिणाम मासूम किशोरो से लेकर युवाओं की जिन्दगी पर बिपरीत पड़ते हुये दिखाई देने लगा है? इस तरह क्षेत्र में चल रहे इस अवैध कारोबार की सच्चाई गाडरवारा व पलोहा पुलिस थाने का रिकार्ड ही अपने आप स्पष्ट करने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि जिस प्रकार से कुछ वर्ष पहले के समय में जो स्मैक व गाजे के कारोबारियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी उसमें अधिकांश कारोबारी इसी क्षेत्र के पाये गये थें और कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय दिखाई देते हुये जान पड़ रही है। क्योंकि इस क्षेत्र के गांवो की ओर रूख किया जाता है तो हर गांव में खुलेआम सड़को व नालियों में जिस प्रकार से शराब की खाली बोतले व शीशी दिखाई पड़ रही है वह इस बात का संकेत देने से नही चूक पा रही है कि शराब के अवैध कारोबार कोरोना काल के महौल का फायदा उठाने में अपनी कोई कसर नही छोड़ रहे है। इसी का परिणाम यह देखने मिल रहा है कि गांव गांव खुले मैदानों व नालियों में शराब की खाली बोलते व शीशियाँ दिखाई दे रही है?

## बंदरों की दहशत से गांवो में मचा हाहाकार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वर्तमान में क्षेत्र के गांवो के किसानो की विकसित हो रही फसलों को जंगली सुअर और आवारा जानवर तबाह कर रहे, वही गांवो में झुंडो में उछल कूंद कर रहे बंदरो की दहशत से शहर के नजदीक के गांवो में हाहाकार मचा हुआ है, किसानों ने बताया कि उनके खेतों रबी, गन्ने की फसल को जंगली सुअरों से अधिक बंदर नुकसान पहुॅचा रहे है, मटर, गन्ने की फसल को चौपट करने वानरो को बिल्कुल देर नही लगती, साथ ही फल, सब्जियों की फसल पर भी इनके आक्रमण का सिलसिला जारी रहने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाने मजबूर होना पड़ रहा है, क्षेत्र के किसानों का कहना है कि गांवों में बंदरो के आतंक को खत्म करने वन विभाग के अधिकारियों से कई बार गुजारिश की गयी किंतु अभी तक वन विभाग की ओर से जंगलों से पलायन कर गांवों में बंदरो पर अंकुश लगाने की दिशा में कदम नहीं उठाया गया।

## देर रात होने वाली ठोकपीट के चलते लोग रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर मा. न्यायालय द्वारा रात 10 बजे के बाद सभी प्रकार के ध्वनि यंत्रों पर रोक लगा रखी है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर के मध्य जहां तहां खुले वार्क शाप सहित अन्य लोहे का सामन बनाने वाले तथा कथित खारखाने नुमा दुकानों पर रात रात भर लोह के समान की ठोका पीटी होने के कारण लोगों को जहां रात में सोने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही दूसरी इन दुकानों पर लोहे की ठोक पीट के चलते घरों में वृद्ध मरीज भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के मध्य रहवासी क्षेत्र में अनेक जगहों पर लोहे की ट्राली सहित अन्य वस्तुओं का रात रात भर निर्माण करते हुए जमकर ठोक पीट की जाती रहती है, जिसके चलते आसपास के क्षेत्र में निवास करने वाले लोग सो नही पा रहे है। इस प्रकार से रात भर ध्वनि करने वालों के खिलाफ न तो प्रशासनिक अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही पुलिस प्रशासन जिसके चलते इनक हौसले बुलंद बताये जा रहे है..? जिसका उदाहरण इस समय के अंदर संचालित हो रहे अनेक वर्कशांपों देखने मिल रहा है, जहां पर बताया जाता है कि नगर के रहवासी इलाको में रात रात भर लोहे की ठोक पीट होती रहती है, जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है.? वही जानकारो के अनुसार बताया जाता है कि इस प्रकार के लोहे से बनने वाले सामन की दुकान व वर्क शाप नगर के अंदर वह रहवासी क्षेत्रों में स्थापित नही किये जा सकते है। मगर अधिकारियों की अनदेखी कही जावे या फिर संरक्षण के चलते नगर में जहां तहां बैलडिंग मशीन चल रही है, वही लोहे से बनने वाले समान की दुकाने जिसके कारण नगरवासियों का परेशान होना पड़ रहा है।

## मार्च क्लिोजिंग के चलते ऑडिटरों की हो रही पूछ परख, लक्ष्मी जी के आर्शीवाद से सब कुछ निकल रहा ठीक ठाक




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

शासकीय व्यवस्था है कि सरकार स्वयं सभी विभागों के कामकाज पर आसानी से नजर नही रख सकती इसके लिए यह व्यवस्था बनायी गयी कि साल में एक या दो बार शासन के द्वारा नामित संस्था के व्यक्तियों द्वारा इन शासकीय विभागों के कामकाज का ब्यौरा लिया जाये तथा संस्था के जो अधिकारी विभागों के काम काज संभाले हुए है उनके दस्तावेज एवं महत्वपूर्ण फाइलों की जांच करते है वे चार्टर एकाउटेंड होते है जिन पर सरकार को विश्वास होता है कि वे छोटी से छोटी गलती एवं बहुत ही चालकी से की गयी बड़ी से बडी गडबड़ियों को आसानी से पकड लेगे और इन सभी कार्यो का विस्तृत ब्यौरा से सरकार को अपने अधिकारियों के माध्यम से भेजते है। जिसके चलते शासकीय विभागों में ये ऑडीटर ऑडिट हेतु जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय देखने मिल रही है। क्योंकि चल रहे मार्च माह के दौरान हर सरकारी कार्योलयों में जहां लेखा जोखा तैयार होते हुये देखा रहा है। इसी के चलते आडिटरों की पूछ परख कुछ ज्यादा ही पढ़ते हुये देखने मिल रही है। मगर देखा जाता है कि वहां पर उनकी आव भगत किसी राजसी मेहमान से कम नही होती है जिसके चलते अक्सर शासकीय कार्यालयों में आँडिट करने पहुंचने वाले इन अधिकारियों को उन शासकीय कार्यालयों के प्रमुखों द्वारा अच्छी से अच्छी होटलों में ठहराया जाता है तथा ऊंची कीमत के पेन से लेकर उपयोग की सभी उच्च स्तरीय की सामग्री उपलब्ध करायी जाती है तथा खान पान तो वैसे भी लक्जरी होता है जिसके चलते हर वर्ष आडिट के सीजन में इन शासकीय संस्थाओं में दर्जनों मुर्गे कुर्बान होने से नही बच पाते है? इनके शोंक को देखते हुये हर तरह की व्यवस्था संपादित की जाती है तब कहीं जाकर ये विभाग के कर्मचारियों पर खुश होते हुए वह भी उनकी कमिशन बाजी में शामिल हो जाते है? इस प्रकार की सच्चाई को लेकर लोगों का कहना है कि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी इतनी सब व्यवस्थाएं इसलिए करवाते है कि उनके द्वारा किये गये अनेतिक कार्यो को ये नजर अंदाज कर इनके पक्ष मे रिपोर्ट पेश कर सके? इन सकारात्मक रिपोर्ट के लिए नगद राशि एवं बहु मूल्य उपहारों का भी जमकर लेन देन होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नीचे से लेकर ऊपर चल रही शासकीय व्यवस्थाओं के चलते भी लोग अच्छे दिन आने का अहसास कैसे कर पायेगे?

**खबर संक्षेप**

## धर्म परिवर्तन के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के संबंध में निर्देश जारी

**डिंडौरी** । कलेक्टर ने म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता नियम 2022 का पालन सुनिश्चित करने एवं धर्म परिवर्तन कराने के संबंध में पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय दण्डाधिकारी तहसीलदार नायब तहसीलदार - डिंडौरी शहपुरा बजाग को निर्देश जारी किये हैं। जारी निर्देश में उल्लेख है कि म.प्र. शासन द्वारा म.प्र.धार्मिक स्वतंत्रता नियम 2022 की अधिसूचना मध्यप्रदेश राजपत्र में 15.12.2022 को प्रकाशित की गई है। जिसमें मिशनरी अथवा किसी धार्मिक संगठन द्वारा जिले में निवासरत किसी भी व्यक्ति को डरा धमकाकर लोभ लालच देकर, बहला फुसलाकर अथवा दबाव डालकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया जाता है, तो ऐसे धर्म परिवर्तन को अवैध धर्मातंरण कहा जाता है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने मिशनरी अथवा धार्मिक संगठन या किसी भी व्यक्ति द्वारा ऐसा करते पाया जाता है, तो संबंधितों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में इस प्रकार की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग आपस में सामंजस्य स्थापित कर तत्काल प्लानिंग के साथ उनके मुख्य सूत्रधारों तक पहुंच, साक्ष्य जुटाकर उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाए। बल पूर्वक धर्म परिवर्तन के खिलाफ शिकायत पर गैर कानूनी धर्म परिवर्तन के खिलाफ पीडित व्यक्ति, उनके माता पिता, भाई बहन या उनके रक्त, शादी या एडोपशन के जरिए जुडा व्यक्ति फर्स्ट इनफोरमेशन रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करा सकते हैं।

## रबी के उर्पाजन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 17 मार्च की गई

**डिंडौरी**। रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिये मध्यप्रदेश शासन द्वारा पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 से बढ़ाकर 17 मार्च 2025 कर दी गयी है। उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन करने के लिये निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, समग्र सदस्य आई.डी. भू-अधिकार पुस्तिका, खसरा, वनाधिकार पट्टा की प्रति, आधार की प्रति, मोबाईल नम्बर की जानकारी का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। खसरा, बैंक एकाउन्ट, मोबाईल नम्बर आधार से लिंक होना अनिवार्य है। जिन किसानों को गिरदावरी में ई-उपार्जन पोर्टल पर समस्या आ रही थी वह गिरदावरी करा सकते हैं। साथ ही पंजीयन अवधि के पूर्व चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन हेतु पंजीयन अवश्य करा लें।

## भाजपा युवा मोर्चा समर्थक मंच के जिला कार्यकारिणी का गठन

**चचाई**। विगत दिनों भाजपा समर्थक मंच युवा मोर्चा जिला अनूपपुर की कार्यकारिणी का गठन किया गया परषोत्तम नारायण श्रीवास्तव राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में अनूपपुर जिला की कार्यकारिणी बनाई गई एवं प्रदेश अध्यक्ष अरुण तिवारी के अनुमोदन पर सदस्यों की सूची जारी की गई जिसे तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दिया गया। अनूपपुर जिला भाजपा समर्थक मंच युवा मोर्चा में जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा समर्थक मंच के अध्यक्ष पद पर विनोद पटेल कोतमा एवं उपाध्यक्ष पद पर रामेश्वर बडगैया चचाई को नियुक्त किया गया, इसी तरह सौरभ शर्मा कोतमा (भेड़वाटोला) एवं राजेंद्र शर्मा कोतमा (बरतराई) को जिला सचिव युवा मोर्चा भाजपा समर्थक मंच का नियुक्त किया गया इसी तरह जिले में नगर अध्यक्ष नगर मंत्री व मंडल मंत्री आदि पदों में नियुक्ति की गई है इस नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## भलमुड़ी में महिला की हत्या के आरोपी हीरा सिंह गिरफ्तार

**राजनगर**। 10 मार्च को भलमुड़ी कोटवार शिव सहाय द्वारा सूचना दिया कि मृतिका सेमवती उर्फ डहेरियाइन बैगा पति स्व शिवचरण बैगा उम्र 40 वर्ष निवासी छोट भलमुड़ी थाना रामनगर को आरोपी हीरा सिंह गोंड निवासी बेलिया थाना बिजुरी हाल निवासी छोट भलमुड़ी थाना रामनगर ने हत्या कर दिया है ।

# जिले के अगरिया जनजातीय पर आधारित फिल्म धरती पुत्र अगरिया' को फिल्म फेस्टिवल पुरस्कार

### ग्वालियर शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में युवा फिल्ममेकर कृतार्थ देवा चतुर्वेदी की फिल्म 'धरती पुत्र अगरिया को पहला पुरस्कार





डिंडौरी।

ग्वालियर शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 8 और 9 मार्च को आईआईटीटीएम, ग्वालियर (म.प्र.) में किया गया, जिसमें देशभर के फिल्म निर्माताओं ने अपनी फिल्मों का प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित फेस्टिवल में युवा फिल्ममेकर कृतार्थ देवा चतुर्वेदी ने अपनी तीन फिल्मों के साथ भाग लिया, जिनमें दो रील फिल्में और एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'बाना' शामिल थीं। खास बात यह रही कि उनकी तीनों फिल्मों को स्क्रीनिंग के लिए चुना गया और उनकी रील फिल्म 'धरती पुत्र अगरिया' ने पहला पुरस्कार जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की।

**- भारतीय संस्कृति और प्रेरणादायक कहानियों को सहेजने का प्रयास**

कृतार्थ देवा चतुर्वेदी ने कला, संस्कृति और प्रेरणादायक कहानियों को सहेजने की दिशा में विशेष पहल की है। वे कई संगठनों के साथ काम कर चुके हैं और अब देशभर के कोनों से अनसुनी प्रेरणादायक कहानियों को डॉक्यूमेंट करने के मिशन पर हैं। उनकी प्रस्तुत फिल्मों ने भारतीय संस्कृति की समृद्धि को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे दर्शकों को देश की परंपराओं, लोककला और जीवनशैली को समझने का अवसर मिला।

**- फेस्टिवल में जुटे अनुभवी फिल्म निर्माता, प्रशासक और समाजसेवी**

ग्वालियर शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में देशभर के अनुभवी फिल्म निर्माता, प्रशासनिक अधिकारी और समाजसेवी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा और उभरते फिल्म निर्माताओं को अपनी कला को प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण मंच मिला। फेस्टिवल में चयनित और पुरस्कृत फिल्मों ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं और समाज के विभिन्न पहलुओं को सजीव रूप में प्रस्तुत किया, जिससे फिल्म प्रेमियों और विशेषज्ञों ने काफी सराहना की।इस उपलब्धि पर टिपटा मीडिया प्रोडक्शन के संस्थापक कृतार्थ देवा चतुर्वेदी ने कहा कि वे आगे भी इसी तरह अनसुनी और प्रेरणादायक कहानियों को लोगों तक पहुंचाने का कार्य जारी रखेंगे।

# जनसुनवाई में प्राप्त 50 आवेदनों की हुई सुनवाई





डिंडौरी।

कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 50 आवेदन प्रस्तुत किये गए, जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आवेदक ग्राम गोरखपुर निवासी शिवम साहू ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि विद्युत विभाग द्वारा बिना रीडिंग किए 18 महीनों से अनियमित रूप से बिजली बिल भेजा जा रहा है। कलेक्टर मारव्या ने उक्त आवेदन की जांच कर उचित कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इसी प्रकार से ग्रीन सिंघवाहिनी स्व सहायता समूह की अध्यक्ष केरा बाई और सचिव द्वासा बरौतिया ने बताया कि वह मध्यान बॉयज एमएस प्राइमरी किसलपुरी ईपीएसई में मध्यान भोजन संचालित करती थी, जिसे किसी अन्य को दे दिया गया है। उन्होंने पुनः मध्यान भोजन संचालन करने की मांग की। ग्राम कुकर्रामठ निवासी रामप्रकाश ने हल्का पटवारी एवं तहसीलदार के द्वारा नामांतरण प्रमाणीकरण न करने की शिकायत करते हुए नामांतरणध प्रमाणीकरण कराने की मांग की। अरविंद कुमार बैरागी निवासी ग्राम मटियारी ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए पेयजल परिवहन का भुगतान कराने की मांग की। ग्राम चांदरानी निवासी संतराम में अधिक बिजली बिल भेजने की शिकायत करते बिजली बिल कम कराने की मांग की। कलेक्टर मारव्या ने उक्त उक्त प्रकरण का निराकरण करने के ईईएमपीईबी को निर्देशित किया और इस प्रकरण को टीएल में जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। साथ ही आवेदनों का निराकरण कर आवेदकों को सूचित करने को कहा। जनसुनवाई में राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।

# मनरेगा श्रमिकों को मिला 37 रु की दर से मजदूरी, कलेक्ट्रेट पहुँच कर जताया विरोध..!

### आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीएम और सीईओ को ज्ञापन सौंपा
### रोजगार सहायक की मनमानी, मृतक व्यक्ति को बनाया मजदूर,भूत से कराया मजदूरी..?







डिंडौरी न्यूज़।

जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरा माल में अजीबो गरीब मामला सामने आया हैं, एक तरफ केंद्र सरकार और श्रम विभाग द्वारा मजदूरों की वित्त वर्ष 2024-25 मनरेगा मजदूरी दर 243 प्रति दिन निर्धारित की गई हैं, लेकिन ग्राम पंचायत चौरा माल के जिम्मेदारों की लापरवाही चलते लगभग 181 मजदूरों को छः दिवस की मजदूरी भुगतान 37.68 पैसे की दर से किया गया हैं। कम दर से मजदूरी भुगतान होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट और जनपद पंचायत पहुँच कर अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की हैं। मजदूरों ने कलेक्ट्रेट में एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की हैं, इसके बाद जनपद पंचायत सीईओ से शिकायत करते हुए रोजगार सहायक और उपयंत्री के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की हैं। आरोप हैं की पाईप पुलिया कार्य में जारी मस्टर नंबर 13703 में 46.83 के दर से भुगतान किया गया हैं, गली प्लग निर्माण कार्य में मृतक व्यक्ति के नाम पर रोजगार सहायक द्वारा फर्जी मस्टर रोल फीड कर गड़बड़ी की गई है, गली प्लग में 181 मजदूरों को 6 दिवस की 37 रु की दर से भुगतान किया गया हैं, ग्रामीणों का आरोप है की रोजगार सहायक द्वारा मनमानी पूर्वक डिमांड भेज कर मस्टर जारी किया है, जबकि मेटो से डिमांड नहीं लिया गया हैं। पीड़ति मजदूरों ने गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की हैं।



# जिला पंचायत सभाकक्ष में ई-ऑफिस कार्य प्रणाली का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

डिंडौरी।

कलेक्टर ने फाइलों का संचालन ई-ऑफिस पोर्टल के माध्यम से करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण आयोजित कर अधिकारी-कर्मचारियों को ई-ऑफिस पोर्टल के क्रियान्वयन की बारीकियां सिखाई गई। साथ ही ई-ऑफिस पोर्टल का उपयोग कर शासन की पेपरलेस अवधारणा का पालन करने के संबंध में उपयोगी जानकारी दी गई। जिले में शासकीय दफ्तरों में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली लागू करने के सिलसिले में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को ई-ऑफिस पोर्टल से काम करने के लिये प्रशिक्षित किया जा रहा है। आयोजित अंतिम चरण के प्रशिक्षण में जिला पंचायत और शेष रह गए अन्य विभागों को प्रशिक्षण दिया गया। ई-ऑफिस के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण के अंतिम दिन एनआईसी प्रशांत कौशिक और मास्टर ट्रेनर श्री संतोष बनोटे ने ई-ऑफिस की बारीकीयों से अवगत कराया। इस दौरान प्रशिक्षण ले रहे सम्बंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आजीविका समूह की महिलाओं ने सीखा चित्रकला का हुनर




डिंडौरी।

करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाटनगढ़ के चित्रकला भवन में मंगलवार की दोपहर आजिविका मिशन के तत्वावधान में आरसेटी द्वारा छः दिवसीय गोंडी पेंटिंग प्रशिक्षण शिविर के समापन का आयोजन किया गया।इस मौके पर आजिविका मिशन करंजिया के प्रबंधक शिव मंगल ने बताया कि यहां के गोंडी चित्रकला की पहचान देश विदेशों में हैं जबकि देश के अलग अलग प्रांतों राज्यों में यहां के कलाकार इन पेंटिंगों की प्रदर्शनी लगाकर नाम कमा रहें हैं इसलिए इस कला को और आगे तक ले जाने स्थानीय स्तर पर कलस्टर गतिविधि के रूप में समूहो की 100 महिलाओं को जोड़े जाने का लक्ष्य रखा हैं ताकि नये लोग भी जुड़कर इस कला को जाने और सीखकर आय का साधन बनाए। इन्होंने बताया कि कलस्टर की सफल गतिविधियों में समूह सदस्यों को लखपति दीदी के रूप में भी देखा जाएगा ।इस प्रशिक्षण में 45 समूह के सदस्यों ने प्रशिक्षण लिया हैं सुनील श्याम ने प्रशिक्षण दिया प्रशिक्षण के दरमियान महिला प्रतिभागियों ने पेंटिंग सीख कला का प्रदर्शन दिखाते हुए कैनवास में चित्रण कर दिखाया जो प्रशंसनीय हैं। वहीं इस तरह के आयोजन से प्रतिभागियों में सकारात्मक दृष्टिकोण देखा जा रहा हैं महिलाएं इसे भविष्य में रोजगार के अवसर के रूप में देख हर्षित हैं। वें अगर चित्रकला के क्षेत्र में कामयाब होती हैं तो उन्हें समूह के माध्यम से सीसीएल आर एफ एवं सीआईएफ से राशि लेकर इस काम को और बढ़ावा मिल जाएगा ।इस प्रशिक्षण में पांच दिव्यांग महिलाओं ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें कुंवारी जयंती कुश राम संतोषी श्याम अनुमति कुशराम अनसूइया कुशराम ।इस दौरान आईसीटी डायरेक्टर एस एस समद वि,ख प्रबंधक आजीविका मिशन शिवमंगल सिंह फैकल्टी दीपिका सिंगौर और ट्रेनर मास्टर सुनील श्याम बैंक सखी रोशनी आमों बैंक सखी कमलेश्वरी मार्को सहित सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहें ।

# महाविद्यालय मेंहदवानी के द्वारा पड़रिया में सात दिवसीय शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी



राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय मेहदंवानी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम पंचायत पड़रिया जनपद पंचायत मेहंदवानी में 4 मार्च से 10 मार्च 2025 तक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉं लेखराम कुर्मी के कुशल मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की नोडल डॉ अलका अवस्थी ( क्रीड़ा अधिकारी) के कुशल संचालन में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सात दिवसीय शिविर में डॉ अलका अवस्थी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा प्रातः से लेकर रात्रि तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें योग, व्यायाम ध्यान से लेकर स्वच्छता, साक्षरता, पर्यावरण जागरूकता रैली,जलाशयों की साफ सफाई , साक्षरता सर्वे, बौद्धिक चर्चा, सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित की गई तथा राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन भी किया गया। सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बैजनाथ साहू, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लेखराम कुर्मी,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी के डॉक्टर महेश परते, सरपंच प्रतिनिधि श्री प्रेम सिंह उददे सचिव श्री सुंदरसिह उर्वे, श्री दिनेश शर्मा के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों के द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन दिए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ.सुरेश प्रसाद पांडे, डॉ शशिकांत चंदेला, डॉं गोरीसिंह परते, सुश्री माया कनासे एवं श्रीमती पिंकी श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अलका अवस्थी के द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक रंगीला यादव के द्वारा किया।

# झाड फूंक की आड़ में पैसे व जेवर लेकर हुआ रफूचक्कर वेंकटनगर पुलिस की तत्परता से डिण्डौरी से हुआ गिरफ्तार



**अनूपपुर**। 9 मार्च को रमेश यादव पिता चेतराम यादव उम्र 39 वर्ष खैरीटोला वेंकटनगर का चौकी वेंकटनगर थाना जैतहरी मे रिपोर्ट किया कि में खेती किसानी का काम करता हूं। 2 मार्च को दोपहर 2 बजे करीब मेरे घर पर एक आदमी सुपर स्प्लेण्ड़र **MP**21 **MK** 8412 से आया अपना नाम स्ताक खान कटनी का बताया कि मैं झांड़ फूंक का काम करता हूं तो मैं बोला मेरी पत्नी बीमार रहती है तो मेरी पत्नी रानी को झांड़ फूंक किया बोला उसके जेवर करधन में तंत्रमंत्र मैं उसको झांड़ कर मंत्र से धो दूंगा तो तुम्हारी पत्नी ठीक हो जाएगी नही तो लाख रुपये की दवा करवाओगे तब भी आराम नही मिलेगा तो मैं अपनी पत्नी की चांदी की करधन सामने लाकर रख दिया। उसी समय रघुनंदन यादव पड़ोस का आया बताया कि मेरे घर में भी मेरा बेटा नागेश्वर यादव तीन साल से बाहर है घर नही आया वह बोला कि 3000 रूपये यहा रखो उसमे तंत्र मंत्र है मे झांड़ दूगां तो लड़का 72 घंटे में घर वापस आ जायेगा तो रघुनंदन यादव 3000 रुपये सामने रख दिया तथा पड़ोस का माधव यादव आया एवं बोला कि मेरी दो साल की बेटी आंचल है वह चल नही पाती है तो वह बोला कि 3000 रुपये रखो तो वह वोला की मेरे पास 2600 रुपये है तो वह वोला इतना ही रख दो झांड़ दूंगा तो माधव 2600 सामने रख दिया तो वह वोला मैं झांड़ दूंगा तो अपना- अपना पैसा रख लेना तुम्हारी लड़की चलने लगेगी फिर वह कुछ मंत्र पढ़कर राख फूंक कर उड़ा दिया वोला सभी लोग आंख बंद कर लो 10 मिनट तक बंद किये रहना मुझे जाते हुये मत देखना नही तो तंत्रमंत्र काम नही करेगा फिर से वापस आ जायेगा तो सभी लोग आंख बंद कर लिये थोड़ी देर बाद आंख खोले तो वह व्यक्ति स्ताक मेरी पत्नी की चांदी की 335 ग्राम की करधन एवं रघुनंदन यादव का 3000 रुपये एवं माधव यादव का 2600 रुपये, मेरी चांदी की 32000 रुपये की करधन चोरी करके मोटरसायकल से वहां से भाग गया था। आस पास देखे कही नही दिखा उस व्यक्ति का हुलिया उम्र करीब 35 वर्ष रंग काला मटमेला रंग का पेंट सर्ट पहना है मैं एवं रघुनंदन यादव, माधव यादव उस व्यक्ति स्ताक की तलाश अभी तक करते रहे कोई पता नही चला आज पड़ोस में बताकर माधव यादव एवं रघुनंदन यादव के साथ रिपोर्ट करने चौकी आया हूं ।

**67600 का मशरूका जप्तर**- फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध कायम किया गया जाकर वेंकटनगर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान, अति.पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीओपी अनूपपुर सुमीत केरकेट्टा के निर्देशन मे थाना प्रभारी जैतहरी उनि विपुल शुक्ला के मार्गदर्शन मे तत्परता दिखाते हुये आरोपी स्ताक की पता तलाश हेतु डिंडोरी तरफ रवाना होकर डिंडोरी पहुंचकर सूचना के आधार पर आरोपी स्ताक खान पिता रमजान खान उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम जुगीयाकाप थाना **NKJ** तहसील कटनी जिला कटनी म.प्र. को दस्तयाब कर आरोपी के कब्जे से एक अदद चांदी की करधन, 5600 रू नगदी रूपये, अपराध मे उपयोग आरोपी का एक ओप्पो कम्पनी का मोबाईल, एक पुरानी इस्तेमाली हिरोहोंडा स्प्लेंडर कुल कीमती 67600 का मशरूका जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही मे चौकी प्रभारी वेंकटनगर उनि अमरलाल यादव, आर विक्रम परमार, विजय टाटू, प्रआर राजेन्द्र अहिरवार, पंकज मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।



# पांच साल की नन्हीं बालिका के साथ दुराचार की कोशिश



### आरोपी के परिजनों द्वारा पीड़ित परिवार को दी जा रही जान से मारने की धमकी

तेंदूखेड़ा विगत सोमवार की शाम के समय तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम खेरुआ इमझिरा में एक हरिजन परिवार की पांच साल की बेटी के साथ गांव के ही एक हरिजन परिवार नाबालिग लड़के के द्वारा दुराचार करने की कोशिश की गई। लेकिन नन्हीं बालिका द्वारा चिल्लाने के कारण आरोपी भाग निकला। और पीड़ित लड़की रोते हुए अपने घर पहुंची ।घटना की जानकारी परिजनों को लगने के साथ साथ जानकारी संपूर्ण क्षेत्र में जंगल की आग की तरह संपूर्ण क्षेत्र में पहुंच गई। पीड़ित परिवार बालिका को लेकर तेंदूखेड़ा पुलिस थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट दर्ज ना करने को लेकर पीड़ित परिवार को आरोपी पक्ष द्वारा धमकी दी जाने लगी गंदी गंदी गालियां दी जा रही थी। घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में लोग पुलिस थाने के सामने एकत्रित हो गए थे। और आरोपी को कठोर दंड दिये जाने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे।तेंदूखेड़ा पुलिस ने मौके की नजाकत को भांपते हुए गाडरवारा सुआतला पलोहा थाने से पुलिस बल भी एकत्रित कर लिया था। इसी बीच जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका भी तेंदूखेड़ा पुलिस थाने पहुंची और मामले को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एकत्रित भीड़ को भरोसा दिलाया कि आरोपी को पकड़ लिया गया है।इस पर मामला दर्ज कर दंडित किया जाएगा साथ ही जिले में इस तरह की घटनाओं को देखते हुए तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई की जा रही है।

### धमकी देने वालों पर होगी कार्रवाई

पीड़ित पक्ष ने बताया कि दुराचार की कोशिश कर रहे आरोपी के परिजनों द्वारा गंदी गालियां दी जा रही थी और रिपोर्ट दर्ज ना करने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकियां भी दी जा रहीं थीं। पुलिस ने कमोद पिता हिम्मत जाटव रवि पिता हिम्मत सुनील पिता कमोद जाटव प्रदीप पिता कमोद भूरी बाई पति कमोद तथा मुल्लों बाई दशोदा बाई खेरुआ इमझिरा निवासी पर बी एन एस 2023 की धारा 296 351(*)326g 191(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### तेंदूखेड़ा थाने पहुंचे पूर्व विधायक

घटना की जानकारी लगते ही पूर्व विधायक संजय शर्मा भी तेंदूखेड़ा पुलिस थाने पहुंचे और इस घटना को दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुए जिला पुलिस अधीक्षक से मांग की गई कि संपूर्ण जिले में इस तरह की घटनाएं अपने पैर पसारती चली जा रही हैं इन पर तत्काल प्रभाव से लगाम लगाये जाने की जरूरत है। तथा गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर आये दिन कंटेनरों के माध्यम से दुर्घटनायें घटित हो रहीं हैं उनकी अंधी रफ्तार पर ब्रेक लगाया जाये। यदि समय रहते घटनाएं नहीं रोकी गई तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्यो पर रंजीत कुमार सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस अहिरवार समाज महा परिषद जबलपुर के तत्वाधान में संपूर्ण रविदास समाज का 17 वां अखिल भारतीय सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे सामाजिक भावनाओं को लेकर उत्कृष्ट कार्यो पर रंजीत कुमार चैधरी जिला प्रभारी अहिरवार समाज महापरिषद नरसिंहपुर को सम्मानित किया गया। उनके शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### समर्थन मूल्य उपार्जन हेतु पंजीयन 17 तक

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों की फसल उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य पहले 10 मार्च तक किया जाना था, अब यह पंजीयन 17 मार्च तक किया जायेगा। किसान चना, मसूर एवं सरसों के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए वेबसाइट पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा किसान अपनी फसल का पंजीयन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों, सहकारी समितियों एवं सहकारी संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र और एमपी किसान एप आदि के माध्यम से पंजीयन निःशुल्क कर सकते हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में गेहूं का पंजीयन कार्य जिन केंद्रों में किया जा रहा है, उन्हीं केन्द्रों में चना, मसूर एवं सरसों का भी पंजीयन किया जायेगा। किसान उन्हीं पंजीयन केंद्रों पर कार्यालयीन समय में ई- उपार्जन पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन करवा सकते हैं।

### मां कर्मा देवी आयोजन समिति की बैठक हुई संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस साहू समाज द्वारा कर्मा देवी जयंती को लेकर आयोजन समिति द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमे समाज के विभिन्न विषयों पर चर्चा कर मां कर्मा देवी जयंती आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त आयोजन मे विविध प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जावेगी।

### जिला चिकित्सालय में नसबंदी शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में माह मार्च 2025 में महिला एवं पुरुष नसबंदी- एनएसव्हीटी एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत 12 मार्च को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में महिला एवं पुरुष नसबंदी- एनएसव्हीटी एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। डॉ. इति चांदोलकर एवं सहायक सर्जन डॉ. शिप्रा कौरव द्वारा फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल में नसबंदी ऑपरेशन में अपनी सेवायें देंगे।

### पीएम इंटर्नशिप योजना हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत जिले के कक्षा 10 वीं, 12 वीं, ग्रेजुएट डिप्लोमा एवं आईटीआई उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी इंटर्नशिप करने के लिए 12 मार्च तक पोर्टल ओपन किया गया है। वे वेबसाइट पर पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं।प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर ने जिले की गाडरवारा, गोटेगांव, तेंदूखेड़ा व बाबई चीचली के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों से कहा है कि वे पीएम इंटरशिप योजना के तहत विद्यार्थियों का अधिक से अधिक पंजीयन एवं आवेदन करायें।

## महिला दिवस पर मां - बेटी का किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लीनेस क्लब संस्कार ने समाज उत्थान के कार्य में अग्रणी रहने वाली महिलाओं एवं प्रतिभावान बेटियों एवं उनकी माता का सम्मान किया। कार्यक्रम संस्कार क्लब की दिवंगत सदस्य सरोज शर्मा की स्मृति में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ हुई। लीनेस सुषमा तिवारी ने सुमधुर स्वर में सरस्वती वंदना गई लीनेश प्रियंका गोस्वामी ने देवी वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया तत्पश्चात लीनेस संध्या कोठारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। शहर की प्रमुख एवं समाज महिलाएं श्रीमती विवेक पांडे, डॉक्टर संतोष शर्मा, श्रीमती सुनीता दुबे, श्रीमती भारती कौरव एवं सुश्री इंदु सिंह को माल्यार्पण श्रीफल से सम्मानित किया गया इसके बाद होनहार छात्राओं एवं उनकी माता को मां से सवाई बेटी थीम के आधार पर सम्मानित किया गया जिसमें मुस्कान पटेल, मीना यादव, राधा नौरिया ,महिमा लोधी एवं शिवानी यादव प्रमुख थी कार्यक्रम के अध्यक्ष लीनेस ज्योति तिवारी जी ने अपने उद्बोधन में सभी को महिला दिवस की बधाई दी एवं एकजुट होकर समाज कार्य करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम का संचालन लीनेस मनीषा पुरोहित एवं लीनेस रचना त्रिवेदी ने किया।

## रासेयो शिविर मे साइबर क्राइम की दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानन्द शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम नयागांव में आज उसका पंचम दिवस दिवस था आज के बौद्धिक सत्र मे राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक नरसिंहपुर महोदय डॉ. दिलीप कुमार पाठक, जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय श्रीनगर के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.एसपी डेहरिया एवं छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रीता रावत एवं हेमलता अहिरवार, कंप्यूटर विभाग से डॉ. अभयराज साहू एवं संतोष अवस्थी उपस्थित हुए इस अवसर पर दलनायक वेदांत दुबे के नेतृत्व में तथा सह दलनायक मानस गुप्ता द्वारा स्वयंसेवकों ने बौद्धिक-सत्र का विषय साइबर-क्राइम जागरूकता पर सभी स्वयंसेवकों ने अपने-अपने विचार रखें ।



## पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी के विद्यार्थियों ने पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी की इको-क्लब इकाई के माध्यम से ऐप्को द्वारा संचालित पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में अध्यनरत विद्यार्थियों को पेंच नेशनल पार्क भ्रमण कराया गया था जहां पर वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी कंपटीशन का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रवि शंकर नाग के संरक्षण में एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. पूनम अहिरवार के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। कंपटीशन के अंतर्गत की गई सुंदर फोटोग्राफी की प्रदर्शनी का आयोजन लगातार महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति को नजदीक से समझने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण, वन्य जीव संरक्षण, अपनी जिले की जैव-विविधता को समझने एवं उसके संरक्षण हेतु प्रेरित करना है। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को जैव विविधता और वन्य जीवों को उनके प्राकृतिक आवास में करीब से देखने उनके व्यवहार और क्रियाकलापों के बारे में जानने का अवसर प्राप्त हो रहा है। एवं अपनी पेंच नेशनल पार्क की जैव विविधता को करीब से जानने का अवसर मिल रहा है जिससे भविष्य में इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। पेंच नेशनल पार्क भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वनस्पति की बहुत सी प्रजातियों के साथ-साथ वन्यजीवों की विभिन्न प्रजातियां जैसे चीतल, सांभर, नीलगाय, हाथी, तेंदुआ, मोर, बायसन और प्रवासी पक्षियों को करीब से देखा और स्वयं उनकी फोटोग्राफी भी की फोटोग्राफी में प्रथम स्थान अंकित ठाकुर की फीडिंग मदर वाली फोटोग्राफ को मिला द्वितीय स्थान रवीना मसराम एवं तृतीय स्थान आयुष नायक ने प्राप्त किया

## स्व सहायता समूह की आत्मनिर्भर महिलाओं का हुआ सम्मान




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भाजपा कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक के मुख्य आतिथ्य में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष इंजी. निशा सोनी की अध्यक्षता में व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़यि, उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गास्वामी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संध्या कोठारी की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमति सोनी ने कहा कि यह कार्यक्रम उन आत्मनिर्भर महिलाओं के लिए रखा गया है जिन्होने अपने परिवार की परेशानियों को देखते हुए घर की दहलीज को लांघते हुए न केवल स्वयं का विकास किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि विश्व में भारत की एक मात्र ऐसा देश है जहां नारी को शक्ति व मां का दर्जा दिया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को अनीता ठाकुर, अनीता नेमा, संध्या कोठारी, नीरू राजपूत, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सुनील कोठारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन स्वाति जयसवाल व आभार बबीता नेमा ने किया। कार्यक्रम पश्चात समूह महिलाओं ने अपने अपने अनुभव साझा किए तत्पश्चात समूह की सभी महिलाओं का सम्मान महिला मोर्चा द्वारा किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## जनसुनवाई में आए 77 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई हाल में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्याएं सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 77 आवेदन आये।

## सरस्वती शिशु मन्दिरों को दी गई राशि



**तेंदूखेड़ा।** विद्या भारती महाकोशल प्रान्त माधव ग्राम ने भारती नरसिंहपुर द्वारा मार्ग दर्शित सरस्वती शिशु मंदिर ग्रामीण विद्यालयों को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अधोसंरचना विकास हेतु नरसिंहपुर विधान सभा के सरस्वती शिशु मंदिर पिपरिया 15 लाख सरस्वती शिशु मंदिर मोहद कमेनिया एवं रोहई को 10 10 लाख कुल 45 लाख का असल्य सहयोग प्रदान करने लिए जिला समिति माधुक ग्राम भारती नरसिंहपुर अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान जिला सचिव कमल सिंह लोधी सहसचिव लक्ष्मीकांत छाउड एवं कोषाध्यक्ष हीरेन्द्र कुमार नायक उपाध्यक्ष्य पूरन लाल पटेल सर्वेश शर्मा जिला समन्वयक गोविन्द सिंह किरार ने सहृदय धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रहलाद सिंह पटेल एवं पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल ने यह विद्या भारती के लिए प्रथम सहयोग नही है इसके पूर्व दमोह संसदीय क्षेत्र के सांसद के नाते सागर व दमोह जिले में करोड़ो रुपये वहां के विद्यालयों को प्रदान किये है ऐसे ही पूर्व विधायक एवं राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने अपनी विधान सभा विद्या भारती के विद्यालयों को लाखो रुपए दिये अपनी विधान सभा के बाहर समस्त जिले में संचालित ग्रामीण विद्यालयों की कार्यावाही हेतु 10 -10 हजार 30 कोरोना काल में आजा सहित समस्त प्रबन्ध समिति व संयोजक भण्डल एवं प्रधानाचार्थी के व्यक्तिगत सहयोग बर्तमान में भी अपनी विधान सभा के प्रत्येक आचार्य के लिए व्यक्तिगत सहयोग भी किया विक्रम भारती सरस्वती शिशु मंदिर ही नही सामाजिक सांस्कृतिक शैक्षिक संगठनों के लिए भी आप अपेक्षित सहयोग प्रदान करते रहते हैं आपकी उदार दानवीरता सहयोगके लिए विद्या भारती एवं माधव ग्राम भारती नरसिंहपुर संगठन की ओर से आभार कृतज्ञता एवं धन्यवाद सादर व्यक्त अभिव्यक्त करती है।

## नगर कलार महिला मंडल ने मनाया होली का त्यौहार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** फागुन माह की रंग भरी एकादशी से होली पर प्रारंभ हो जाता है । इसे लेकर नगर कलार महिला मंडल ने रंगों का त्योहार होली मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम कान्हा जी का सभी सदस्यों द्वारा पूजा अर्चना किया गया। कन्हैयालाल को रंग, गुलाल लगाया। सदस्यों द्वारा फागे और होली गीत गाये गये। होली गीतो पर जमकर नृत्य किया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंडल की वरिष्ठ सदस्य गोदावरी राय, जयश्री राय, अर्चना राय, सरिता राय, स्वाति जायसवाल, प्रतिभा राय, मंडल अध्यक्ष प्रीति राय सचिव दुर्गा राय, मनीषा राय, नीशू राय का सहयोग रहा। सारा कार्यक्रम मंडल सदस्य आरती राय के द्वारा उनके बरगी स्थित निवास पर आयोजित किया गया। मंडल सदस्यों के अतिरिक्त रश्मि जाट, सीमा तिवारी, सुनीता श्रीवास्तव, कीर्ति पटेल एवं अन्य महिलाओ ने भी रंगोत्सव धूमधाम से मिलकर मनाया।



## जिलास्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 118 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम ताखलाखुर्द निवासी मंगलसिंह अहरवार द्वारा गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम गंगई निवासी नारायण सिंह एवं अन्य द्वारा नक्शा में सुधार किये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम किंदरई निवासी हीरालाल कौशले द्वारा धान बिक्री की राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम चक्कीखमरिया निवासी सुखवती यादव द्वारा मकान का पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम नगझर बरघाट निवासी तारन बाई द्वारा अंत्योदय कार्ड में 35 किलो राशन दिलाये जाने विषयक, ग्राम नकटिया थाना बंडोल निवासी गनेश टेकाम द्वारा बीपीएल सूची में नाम जोड़े जाने विषयक, तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम सरगापुर संगई निवासी जगन्नाथ सनोडिया द्वारा बीपीएल कार्ड दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम चंडी छपारा निवासी सबीना बी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम देवरीटीका निवासी हीरालाल धुर्वे द्वारा ग्राम में नलजल योजना का लाभ दिलाये जाने एवं ट्रांसफार्मर सुधार करने विषयक, कस्तूरबा वार्ड सिवनी निवासी नान्हों प्रसाद सिंगोतिया द्वारा वृद्धापेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम नगझर पोस्ट बींझावाडा तहसील सिवनी निवासी बबीता गिरी द्वारा अतिगरीबी राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम मोहबर्रा निवासी ताराचंद माहुले द्वारा सीमांकन की प्रतिलिपि दिलाये जाने विषकय, ग्राम भोमा थाना कान्हीवाडा निवासी लक्ष्मी प्रसाद द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि एवं वृद्धापेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम बोरदई निवासी राजेंद्र माहर एवं अन्य द्वारा आवसीय भूमि का पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम विजयपानी खुर्द निवासी अमरवती व अन्य द्वारा संबल योजना अंतर्गत बीमा की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम बांकी निवासी कुंदन सतनामी द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, कबीरवार्ड डूंडासिवनी निवासी रधुवीर द्वारा परिवार के समग्र कार्ड खाद पर्ची अनुसार राशन दिलाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम सिरमंगनी निवासी विनोद यादव एवं अन्य द्वारा अवैध उत्खनन कार्य में तत्काल रोक लगाये जाने विषयक, ग्राम खुर्सीपार खुर्द बरघाट निवासी विनोद तेकाम द्वारा धान विक्रय की राशि वापस किये जाने विषयक, सहित कुल 118 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।